शिल्पकला निर्देश

विश्वास के नायक, यूनिट 3

व्हेल मछली



सामग्रियाँ

- प्रारूप
- मार्कर/ पेन
- कैंची
- विभिन्न रंग



निर्देश

1. व्हेल के प्रारूप के टुकड़ों को काटें और उनपर रंग भरें।
2. पहले टुकड़े की पूंछ को दूसरे टुकड़े की पूँछ के ऊपर गोंद से चिपका दें। जब वह सूख जाए, तो दूसरे टुकड़े के अंत में बने हुए बिंदु-रेखा के साथ ऊपर की ओर मोड़ो। दूसरे टुकड़े के मुड़े हुए भाग से पहले वाले टुकड़े की छोर को चिपका दें जो व्हेल मछली का एक घुमावदार सिर बनेगा।
3. टुकड़ा 3 उसका मुंह है। कांटेदार दांत को चित्रित करें और इसे व्हेल के सामने की तरफ चिपका दें। मुंह के ऊपर उसकी आंखों को चिपकाएँ और आंखों में पुतलियों के लिए डॉट्स बनाएं।
4. पांचवें टुकड़े पर, सभी लाइनों को एक तरफ से काट लें। जब पूरा काट चुके, तो कागज को रोल करें और इसे व्हेल के सिर की ऊपर चिपका दें जो ऐसा लगेगा कि मछली पानी के फव्वारे छोड़ रही है।
5. शिल्पकला का काम खत्म करने के लिए, उसकी पूंछ के पंख पर कुछ रेखाएं खींचें।

नदी में नामान

सामग्रियाँ

- नीला थर्माकोल या सफेद या रंगीन कागज
- लकड़ी के पॉप्सिकल स्टिक (छड़ी)
- कुष्ठ रोग के साथ और कुष्ठ रोग के बिना नामान का चित्र
- अलग अलग रंग
- कैंची
- गोंद

निर्देश

1. सबसे पहले टुकड़ों को काटें: हर बच्चे को 3 लहरें (या थर्माकोल पेपर) और 2 नामान के चित्र के पन्ने, एक कुष्ठरोग के साथ और एक उसके बिना।

2. यदि लहरें सफेद हैं, तो उनपर पानी का रंग भरें। लहरों को एक साथ चिपकाएँ। केवल एक कागज की लहरों के ऊपरी भाग को चिपकाएँ और उन्हें दूसरे लहर के सीधे किनारे पर चिपकाएँ जब तक कि सभी 3 लहरें एक साथ सही से चिपक न जाएं। फिर उन्हें अच्छी तरह सूखने दें।

3. जब यह सूख जाता है, तो एक ट्यूब बनाने के लिए दोनों सिरों को एक साथ चिपका दें।

4. नामान के दोनों टुकड़ों पर रंग भरें। टेबल पर एक नामान का चेहरा नीचे की ओर रखें और उस पर छड़ी को चिपकाएँ। फिर दूसरा नामान का टुकड़ा लें और इसे छड़ी के ऊपर चिपकाएँ ताकि यह पहले टुकड़े के साथ बिल्कुल समानांतर हो।

5. शिल्प के साथ खेलने के लिए, लहरों के ट्यूब के अंदर छड़ी को डालें जिसमें नामान पानी के ऊपर दिखाई दें। सबसे पहले, वह कुष्ठ रोग से शुरू होता है, फिर पानी में 7 बार डुबकी लगाने के बाद, वह शुद्ध हो जाता है!

शेर का बुकमार्क

सामग्रियाँ

- काटने के लिए बनी रेखाओं के साथ गोल कागज
- 2 छोटी उभरी हुए आंखें
- प्लास्टिक चम्मच या पॉप्सिकल स्टिक (छड़ी)
- मार्कर / पेन
- गोंद
- अलग अलग तरह के रंग

निर्देश

1. गोले पर रंग भरें और चम्मच या छड़ी को सर्कल के अंदर से डालने के लिए गोले की रेखा को काटें। लम्बे बालों को बनाने के लिए किनारे के चारों ओर लाइनों को बारीकी से काटें। इस बात का ध्यान रखें कि सर्किल के अंदर लाइन को ज्यादा अन्दर तक न काटें।

2. गोले के बीच कटी हुई जगह से चम्मच या छड़ी को डालें और इसे चिपका दें।

3. आंखों को चिपका दें और चमक और मार्कर के साथ नाक और मुंह बनाएं। आप उभरी हुई आंखों की बजाय अपने हाथों से भी आंखें बना सकते हैं।

4. लीजिये, आपका बुकमार्क तैयार है!